## प्रेस नोट

**थाना–गढ़मुक्तेश्वर** **दिनांक 07-11-2023**

- **थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध शस्त्र सप्लाई करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 11 अवैध पिस्टल मय मैगजीन, एक रिवाल्वर, 10 अवैध तमंचे, (कुल 22 अवैध शस्त्र, कीमत करीब 4.5 लाख रुपये), 03 अतिरिक्त मैगजीन व 20 जिंदा कारतूस बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण अवैध पिस्टल व रिवाल्वर 30-35 हजार रूपये तथा अवैध तमंचे को 5 - 6 हजार रूपये में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण अवैध शस्त्रों को डिमाण्ड मिलने पर जनपद मेरठ क्षेत्र से खरीदकर अपराधी किस्म के लोगों को सप्लाई करते थे।**
- **उल्लेखनीय है कि हापुड़ पुलिस द्वारा प्रचलित वर्ष-2023 में निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए अवैध शस्त्र सप्लाई करने वाले एवं अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलने वाले कुल 734 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से कल 53 अवैध पिस्टल (कीमत करीब 16 लाख) व 496 अवैध तमंचे (कीमत करीब 28 लाख) बरामद एवं 547 अभियोग पंजीकृत किए जा चुके हैं।**

**कार्यवाही:-**



पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा महोदय के आदेशानुसार जनपद में अवैध शस्त्र बनाने/बेचने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान अवैध शस्त्र सप्लाई करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 11 अवैध पिस्टल मय मैगजीन, एक रिवाल्वर, 10 अवैध तमंचे, (कुल 22 अवैध शस्त्र), 03 मैगजीन व 20 जिंदा कारतूस बरामद हुए है।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-** स्यना चौपला से ब्रजघाट की ओर पैट्रोल पम्प के पास व दिनांक 07.11.2023 समय 07.10 बजे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-**

1. बिलाल उर्फ माया पुत्र मौ0 रईस कुरैशी निवासी ग्राम पिलोखड़ी चौकी के पास ग्रीनबुड पब्लिक स्कूल के सामने थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ।

2. अनस पुत्र मौ0 चॉद हाफिज निवासी हसैनिया मदरसे वाली गली टयूबैल के पास निवासी ब्रह्मपुरी जनपद मेरठ।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 11 अवैध पिस्टल मय मैगजीन .32 बोर।
- 01 रिवाल्वर .32 बोर।
- 10 अवैध तमंचे .315 बोर।
- 10 जिंदा कारतूस .32 बोर व 10 जिंदा कारतूस .315 बोर। (**कुल 20 कारतूस**)
- 03 अतिरिक्त मैगजीन .32 बोर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री विवेक चौहान थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
2. हे0का0 162 संजय कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
3. हे0का0 307 कंचन थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
4. हे0का0 673 हासिम अली थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
5. हे0का0 297 रवि कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
6. का0 928 तीरथ सिंह थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।